## सार-समाचार

### गुरुद्वारे के पास शराब ठेके का विरोध

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे स्टेशन रोड पर आनंद सिनेमा के पास स्थित गुरुद्वारे के नजदीक शराब का ठेका खोलने का आज लगातार दूसरे दिन विरोध जारी रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिख समाज, स्टेशन रोड व्यापार संघ व मोहल्ले वासियों ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जाने वाली रोड पर गुरुद्वारे से दो सौ मीटर के अंदर खुले ठेके के खिलाफ आज जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और इस ठेके को यहां से हटाने की मांग की। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवादार सरदार दर्शन सिंह लोटे व सचिव सरदार कुलदीप सिंह सलूजा ने बताया कि गुरुद्वारा रोड पर दो सौ मीटर के दायरे में एक शराब का ठेका खुल गया है जिससे गुरुद्वारा में आने वाले श्रद्धालुओं, मोहल्ला निवासियों व स्टेशन व्यापार संघ में रोष है। इसके साथ यहां एक पुरानी मस्जिद, दो सौ मीटर के अंदर दायरे में तीन-तीन स्कूल भी स्थित है। नियम विरुद्ध खोले गए इस शराब के ठेके की लोकेशन को निरस्त करने की मांग प्रशासन से की गई है। उन्होंने बताया कि सिख समाज की आस्था का केंद्र गुरुद्वारे के पास में शराब का ठेका खुलने से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। शराब का ठेका समय रहते नहीं हटाया गया तो व्यापार संघ व क्षेत्रवासियों के साथ में प्रदर्शन होगा। जितेंद्र सिंह बत्रा ने बताया कि रविवार व शनिवार छुट्टी के दिन में शराब का ठेका खोला गया जो बिल्कुल ही गलत है।

### नाटिका से नशे के प्रति जागरूक किया

**जोधपुर**, (कासं)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर सोलह स्थित दशहरा मैदान में संकल्प नामक सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय मारवाड़ी भाषा में एक मार्मिक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिससे श्रोताओं को नशे की समस्या की वास्तविकता सीधे तौर पर समझ आ सके। नाटिका की कहानी में एक शराबी पति का चित्रण किया गया, जो नशे में अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता है, बच्चों की परवरिश नहीं कर पाता, और काम पर भी अनियंत्रित व्यवहार करता है। पूरे परिवार की शांति छीन जाती है। यह चित्रण केवल एक पात्र का नहीं, आज हजारों घरों की हकीकत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साध्वी ऋतंभरा भारती ने कहा कि हम नशा भले ही न करते हों, लेकिन त्यौहारों, मेले या तथा कथित मनुहार परंपराओं में जब हम चुपचाप सहमति देते हैं या विरोध नहीं करते, तब भी हम इस कुरीति को कहीं ना कहीं समर्थन ही दे रहे होते हैं। राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में आज डोडा-पोस्त, अफीम, देसी शराब, बीड़ी-सिगरेट, तंबाकू, स्मैक, चरस, इंजेक्शन और टेबलेट्स जैसी नशे की लत तेजी से फैल रही है। यह केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रहा है।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जालोर**, (कासं)। बाल विवाह एवं बाल श्रम मुक्त भारत अभियान के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग जालोर के सहायक निदेशक राजीव कुमार सुथार के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 द्वारा बाल विवाह एवं बालश्रम रोकथाम के लिए नरेगा श्रमिकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चाईल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा नरेगा श्रमिकों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई एवं बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट, गुड टच बेड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। टीम द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया कि चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 हर समय बच्चों की सुरक्षा और उनकी मदद के लिए तैयार रहती है, जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा शोषण और उत्पीड़न से बचाया जा सकता है। टीम के सदस्यों ने बाल विवाह एवं बाल शोषण के शिकार बच्चों की सूचना होने पर तुरन्त चाईल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर देने के लिए जागरूक किया तथा सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखे जाने के बारे में जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम के सदस्य व नरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद विश्वविद्यालय में व्याख्यान

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा 'निरंतर क्षमता विकास कार्यक्रम (सी सी बी पी)-2025' के अंतर्गत सोमवार को एक दिवसीय शैक्षिणक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में आयुर्वेद शिक्षण में नवीन तकनीकों एवं शिक्षण विधियों के मूल सिद्धांतों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन के मौके पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर हितेश व्यास, विभागाध्यक्ष, संहिता एवं सिद्धांत विभाग, आई टी आर ए, जामनगर (गुजरात) ने दो विषयों शिक्षण तकनीकों के मूल तत्व एवम शिक्षण में तकनीक का उपयोग पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद , जोधपुर के सेमिनार हॉल में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थिति थे। इस व्याख्यान का उद्देश्य शिक्षकों और शोधार्थियों की शैक्षिणक क्षमताओं का सुदृढ़ीकरण करना था, ताकि आयुर्वेद शिक्षा प्रणाली को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके।

### डोडा पोस्त के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर रेंज पुलिस के ऑपरेशन भौकाल के तहत बिलाड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 47 किलोग्राम से अधिक डोडा पोस्त के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान पिचियाक गांव में आरोपी राजू गिरी (पिता बुद्ध गिरी) के घर की तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से 47.02 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह मादक पदार्थ कहां से लाता था और किन-किन जगहों पर इसकी सप्लाई करता था। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में यह एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### दक्ष ने कराटे फाइट में जीते पदक

**जोधपुर**, (कासं)। हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित ओपन अंतर्राष्ट्रीय कराटे फाइट लीग में सरदार दून स्कूल जोधपुर के छात्र दक्ष चोरड़िया ने भाग लिया और दो पदक जीतकर जोधपुर का नाम रोशन किया। कोच शिहान सोहनलाल ने बताया कि 6, 7 व 8 जून 2025 को सोलन में आयोजित ओपन अंतर्राष्ट्रीय कराटे फाइट लीग में दक्ष चैरडिया ने काटा इवेंट में सिल्वर व कुमिटे में ब्रॉन्ज जीतकर जोधपुर का नाम रोशन किया। इस अवसर पर वाडो रियो फेडरेशन के डायरेक्टर सेनसेई प्रभुदयाल, फेडरेशन के महासचिव शिहान सोहनलाल, फेडरेशन के अध्यक्ष सेनसेई गौरव भाटी और उपाध्यक्ष सेनसेई मुकेश दिवराया ने जीतने वाले खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### दो परिवार भिड़े, परस्पर केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रातानाडा सांसी कॉलोनी में दो परिवार के लोग आपस में विवाद के चलते भिड़ गए। जिससे कुछ लोग चोटिल हो गए। इसमें अब परस्पर केस दर्ज करवाया गया है। एयरपोर्ट थाना पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सांसी कॉलोनी निवासी प्रकाश पुत्र चतराराम सांसी ने मामला दर्ज करवाया। इसमें पुलिस को बताया कि शनिवार को मनोज, मोहन, सन्नी, शंकर, श्यामलाल ने आदि ने उसके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट की और घर के बाहर खड़ी की स्कार्पियो गाड़ी में तोडफ़ोड़ कर डाली। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से दी रिपोर्ट में ममता पुत्री मोहनलाल सांसी ने पुलिस को बताया कि प्रकाश, पनकी, जशोदा, अमित, मुकेश ने आदि ने मारपीट की।

### जलग्रहण विभाग के प्रभारी का दौरा

**बालोतरा**, (नि.सं.)। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड़ ने बताया कि निदेशालय जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, जयपुर के अधिशाषी अभियंता एवं जलग्रहण विभाग बालोतरा के जिला प्रभारी श्री नवीन वशिष्ट सोमवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहे। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 व मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान- 2.0 अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की कार्यवार समीक्षा की गई। जिला प्रभारी अधिकारी द्वारा सोमवार को पंचायत समिति बालोतरा के वीसी रूम में जिले के जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के समस्त तकनीकी अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड़, अधिशाषी अभियंता मनोज सुराणा व विवेक गुप्ता सहित जिले के समस्त तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालोतरा में सर्व समाज ने रोलसाहबसर को श्रद्धांजलि दी



श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर की स्मृति में बालोतरा स्थित वीर दुर्गादास राजपूत छात्रावास के सभागार में सर्व समाज ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर की स्मृति में सोमवार को बालोतरा स्थित वीर दुर्गादास राजपूत छात्रावास के सभागार में सर्व समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में श्री क्षत्रिय युवक संघ के संभाग प्रमुख मूल सिंह काठाडी और प्रांत प्रमुख गोविंद सिंह गुंगडी ने भगवान सिंह रोलसाहबसर की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम के आरंभ में चन्दन सिंह चान्देसरा ने भगवान सिंह रोलसाहबसर की जीवन यात्रा को विस्तार पूर्वक बताते हुए उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला और बताया कि रोलसाहबसर ने न केवल श्री क्षत्रिय युवक संघ के संगठन को मजबूती और व्यापकता प्रदान की बल्कि उन्होंने सर्व समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा स्थापित करने हेतु सकारात्मक भाव से सामंजस्य बिठाने का प्रयास किया ताकि संसार में विष तत्व का विनाश हो और मनुष्यों में देवीय गुणों का प्रादुर्भाव व संवर्धन हो जिससे संसार में आपसी स्नेह, अपनत्व और आत्मीयता का वातावरण निर्मित किया जा सके। चान्देसरा ने बताया कि रोलसाहबसर का बालोतरा के प्रति विशेष लगाव था उनका न केवल संघ कार्य के लिए बालोतरा प्रवास होता था बल्कि उनसे जुड़े हुए व्यक्तियों के यहां सामाजिक कार्यों में भी वह अक्षर आते रहते थे और उनसे जुड़े हुए हर व्यक्ति के साथ में उनकी आत्मीयता, अपनत्व और पारिवारिक भाव था।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पचपदरा के पूर्व विधायक मदन प्रजापत ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि रोलसाहबसर ने क्षत्रिय युवक संघ में अनुशासन,मर्यादा और संस्कारों का ऐसा बीजारोपण किया ,वह आज चारों ओर दिखाई दे रहा है और आम जनता ने भवानी निकेतन जयपुर में आयोजित संघ की हीरक जयंती के समय इस अनुशासन,मर्यादा और संस्कारों को देखा जो अपने आप में एक आश्चर्यचकित कर देने वाली ऐतिहासिक घड़ी थी। ऐसा संगठन बनाना साधारण व्यक्ति की बस की बात नहीं है बल्कि यह कार्य कोई असाधारण व्यक्ति ही कर सकता है जिसके पास ईश्वर शक्ति का आशीर्वाद हो ।

इस अवसर पर रावणा राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह जसोल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान सिंह रोलसाहबसर ने जो रास्ता बताया है वह हर समाज के हर व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है।उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर हम हमारे समाज, जीवन और परिवार को खुशहाल बना सकते हैं ईश्वर सिंह ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों और नशा प्रवृत्ति आज समाज को दिनों दिन खोखला करती जा रही है,उसके विरुद्ध भगवान सिंह रोलसाहबसर ने क्षत्रिय युवक संघ के माध्यम से समाज में जो जागृति पैदा की है वो बेमिसाल है उसके लिए भगवान सिंह जी ताउम्र प्रयत्नशील रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सुरेश सितारा ने भी अपनी वाणी में गीत प्रस्तुत कर भगवान सिंह रोलसाहबसर को काव्यांजलि प्रदान की इस अवसर पर पंचायत समिति बालोतरा के प्रधान भगवत सिंह जसोल, जिला परिषद के अतिरिक्त कार्यकारी भुवनेश्वर सिंह, बालोतरा जिला भाजपा अध्यक्ष भारत मोदी, भवानी सिंह टापरा, पाटौदी उप प्रधान नखत सिंह कालेवा, पूर्व सरपंच गुमान सिंह वेदरलाई, हनवंत सिंह नोसर,डॉ जीवराज सिंह चारण,चण्डीदान चारण, अतिरिक्त विकास अधिकारी कान सिंह भाटी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जेतमाल सिंह विशाला, पूर्व पार्षद नेमीचंद माली, कनाना सरपंच चैनकरण, हिमांशु सिंह जसोल, दौलत राम गोदारा,पूर्व जिला परिषद सदस्य बाबूलाल नामा, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण लोहिया , इकबाल खान, लाल सिंह असाडा,रूपेन्द्र सिंह जसोल,लाख सिंह काकराला, यशवर्धन सिंह, कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष वीरम सिंह थोब,माणक मेघवाल,रमेश पटेल, ओमप्रकाश आसुदानी,वागाराम जीनगर,देवा राम प्रजापत, चम्पा लाल माजीवाला, तेज सिंह नोसर,महेंद्र सिंह सराणा, नरपतसिंह कंवरली,शोभ सिंह तिलवाड़ा, महेश सिंह चौहान, मोती सिंह जी पाटौदी,देव किशन गोयल, मूलाराम सेन,अम्बालाल मेघवाल, विक्रम सिंह राठौड़, देवीलाल भोबरिया जसोल सहित सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राजस्थान हाईकोर्ट ने बैंक अधिकारी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया

**जोधपुर**, कासं)। न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करते हुए एक ही अनुतोष पर राजस्थान ग्रामीण बैंक के खिलाफ बार बार रिट याचिका दायर किए जाने पर राजस्थान उच्च न्यायालय की न्यायाधीश रेखा बोराणा ने बैंक अधिकारी हरीश शर्मा पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए रिट याचिका सारहीन मानते हुए खारिज कर दी और प्रार्थी को आदेश दिया कि जुर्माना राशि वादकरण कल्याण कोष में जमा करा कर रसीद पेश करें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक अधिकारी श्रेणी द्वितीय पद पर कार्यरत शर्मा ने रिट याचिका दायर कर कहा कि बैंक की ओर से जारी आरोप पत्र 19 अक्टूबर 2023 को रद्द कर बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएं। राजस्थान ग्रामीण बैंक की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन माथुर और अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि प्रार्थी न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने का आदी हो चुका है और न्यायालय की खंडपीठ और एकलपीठ ने आदेशों में इसका जिक्र किया है,लेकिन शर्मा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

उन्होंने कहा कि इसी आरोप पत्र पर बेतुके और आधारहीन तथ्यों पर 6 याचिकाएं दायर की जा चुकी है सो इस याचिका को हर्जाने के साथ खारिज की जाएं। अधिवक्ता आर एन माथुर और अधिवक्ता अनिल भंडारी के तर्कों से सहमत होते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय की न्यायाधीश रेखा बोराणा ने 50 हजार रुपए जुर्माने के साथ रिट याचिका खारिज कर दी।

उन्होंने कहा कि बैंक की प्रारंभिक आपत्ति पर प्रार्थी को रिट याचिका वापिस लेने का अवसर दिया था,जिसे उसने नकार दिया।

उन्होंने कहा कि याची ने इस न्यायालय में एक के बाद एक छह से अधिक रिट याचिका और अपील इसी आरोप पत्र के बाबत दायर की और पूर्व आदेशों में उसे बैंक के अनुशासनात्मक अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्तियां 15 दिवस में दर्ज कराने का अवसर दिया, लेकिन प्रार्थी न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने का आदी हो चुका है और बैंक के समक्ष आपत्तियां दर्ज नहीं कर फिर से एक और रिट याचिका दायर करने का दुस्साहस किया ।

उन्होंने कहा कि किसी भी याची को न्याय का दुरुपयोग करने की छूट नहीं दी जा सकती है। उन्होंने बेतुकी रिट याचिका करने पर प्रार्थी को आदेश दिया कि 30 दिन में जुर्माना राशि वादकरण कल्याण कोष में जमा करा न्यायालय में रसीद पेश करें।

उल्लेखनीय है कि हरीश शर्मा ने राजस्थान ग्रामीण बैंक के खिलाफ पिछले सात माह में राजस्थान उच्च न्यायालय में 30 रिट याचिका दायर की,जिसमें से 25 याचिका खारिज हो चुकी है।

### रात्रि चौपाल आज

**बालोतरा**, (नि.सं.)। समदड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रानीदेसीपुरा में 10 जून को अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी रात्रि चौपाल करेंगे।

निजी सहायक प्रियंका शर्मा ने जानकारी दी।


**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2024-25/422 दिनांक - 28.05.2025

**-:: प्रसारित नोटिस उजरदारी ::-**

01 श्रीमती सुमन पत्नि स्व. श्री धर्मीचन्द 02 विजयलक्ष्मी पुत्री स्व. श्री धर्मीचन्द 03 पूजा पुत्री स्व. श्री धर्मीचन्द 04 खेतु पुत्री स्व. श्री धर्मीचन्द 05 देवी पुत्री स्व.श्री धर्मीचन्द 06 भाखरराम पुत्र स्व. श्री धर्मीचन्द 07 ज्योति पुत्री स्व.श्री धर्मीचन्द 08 रक्षिता गर्ग पुत्री स्व.श्री धर्मीचन्द निवासी मु. पो. काणोद जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र मय शपथ -पत्र / वारिस प्रमाण पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र कॉपी पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या डी -20 साईज 30x60 कुल 1800 वर्गफीट वाके जवाहरलाल नेहरु आवसीय योजना जैसलमेर में आवंटी श्री धर्मीचन्द पुत्र श्री दुर्गाराम की मृत्यु दिनांक 01.07.2023 होने के कारण वारिसयान 01 श्रीमती सुमन पत्नि स्व. श्री धर्मीचन्द 02 विजयलक्ष्मी पुत्री स्व. श्री धर्मीचन्द 03 पूजा पुत्री स्व. श्री धर्मीचन्द 04 खेतु पुत्री स्व. श्री धर्मीचन्द 05 देवी पुत्री स्व.श्री धर्मीचन्द 06 भाखरराम पुत्र स्व. श्री धर्मीचन्द 07 ज्योति पुत्री स्व.श्री धर्मीचन्द 08 रक्षिता गर्ग पुत्री स्व.श्री धर्मीचन्द निवासी मु. पो. काणोद जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है । अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे ।

आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर

**सम्मन बनाम मुदायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**

(ऑर्डर रुल 1 व 5 दीवानी)

अज अदालत ....श्रीमान सहायक जिलाधीश, सिरोही,
ब-इजलाय.... श्री हरीसिंह देवल (RJS)....
मुदई - छगनकुंवर ....मुदायलाह - हमेरसिंह व अन्य ।

दावा बाबत् विभाजन आराजी व प्राप्त करने स्थाई निषेधाज्ञा

राजस्व वाद संख्या : 94/2020

मुसम्मी :-

1. हमेरसिंह पुत्र श्री केसर सिंहजी 2. मदन कंवर पुत्री केसरसिंहजी 3. अशोक कंवर पुत्री केसरसिंहजी 4. हकम कंवर पुत्री केसरसिंहजी 5. सरुकंवर पत्नि केसरसिंहजी 6. जबरसिंह पुत्र मोहब्बतसिंहजी 7.कानसिंह पुत्र मोहब्बतसिंहजी 8. दलपतसिंह पुत्र मोहब्बतसिंहजी 9. हितेन्द्रसिंह पुत्र मोहब्बतसिंहजी 10. रणजीतसिंह पुत्र नाथुसिंहजी सभी जाति राजपुत निवासी पाडीव, तहसील सिरोही । हरगाह कि वादीया .... ने आपके खिलाफ एक दावा वास्ते ग्राम पाडीव, पटवार हल्का पाडीव में स्थित खसरा संख्या 2117, 2118,3822 / 2121 व 3824 / 2122 कुल कित्ता 04 चार रकबा 4.10 हैक्टेयर आराजी में वादीया के हक हिस्से की आराजी का विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने हेतु वाद प्रस्तुत किया है । लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 30... माह जून... सन्... 2025 को दिन 10.00 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमा से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो । आगाह रहे कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हजारी में सुना व फैसला किया जायेग । बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 06 माह 06 सन 2025 को जारी किया गया ।

मोहर

रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
/सहायक कलेक्टर सिरोही


# 'इश्क का बुखार' का लोकार्पण



जोधपुर में अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद् के तत्वावधान में दीपा टाक के कहानी संग्रह 'इश्क का बुखार' का लोकार्पण डॉ.मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में हुआ।

**जोधपुर**, (का.सं.)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में दीपा टाक के कहानी संग्रह 'इश्क का बुखार' का लोकार्पण डॉ.मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में हुआ ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कथाकार एवं कवयित्री प्रगति गुप्ता ने कहानी संठाह पर बात करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रेम किसी भी रिश्ते से जुड़ा हो, उसका स्वरूप बहुत बदल गया है। आज प्रेम सिर्फ त्रिकोणीय नहीं रहा, यह चतुष्कोणीय ,षटकोणीय या कुछ और भी हो सकता है। जबकि रिश्ता कोई भी हो प्रेम ऐसा होना चाहिए जिसका बुखार कभी न उतरे। हमारे मन के भाव इतने सरल और सहज होने चाहिए कि जब हम मौन में हों , एकांत में हों,उससे मिलने वाले आनंद भाव को हम स्वयं में महसूस करते रहें। कुछ इस तरह की प्रेम कहानी जरूर लिखी जानी चाहिए।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कवयित्री एवं कथाकार डॉ पद्मजा शर्मा ने कहा कि दीपा टाक के कहानी संग्रह 'इश्क का बुखार' की कहानियां स्कूल ,कॉलेज और घर की चारदिवारी में घूमती ,जीवन को ढूंढती कहानियाँ हैं ।इन कहानियों में धड़कता हुआ दिल है ,प्यार- मुहब्बत है , महिला सशक्तिकरण का संदेश है और जहाँ स्त्री कमजोर पड़ी है वहाँ भी उसे पढ़ाई की बैसाखी लेखिका ने देकर ऊंचा उठाने की कोशिश की है ।ऐसा लगता है कोई न कोई सन्देश देने के लिए इनका सृजन हुआ है । इश्क का बुखार लंबी कहानी है। इससे संकेत मिलता है कि लेखिका उपन्यास भी लिख सकती हैं । कई पात्रों , घटनाओं को साथ लेकर चलने ,संभाले रखने की कूवत आप में है । लेखिका के पास भाव, भाषा, विचार हैं ,बस थोड़े धैर्य की जरूरत है। आप में अपार ,असीम संभावनाएं हैं।

विशिष्ट अतिथि कवयित्री एवं कथाकार डॉ नीना छिब्बर ने कहा कि कहानी के स्त्री पात्र भी अपनी अच्छाइयाँ बुराइयाँ लिए हुए हैं । सामान्य जीवन में जो होता है वो सब दीपा ने अपनी कहानियों में उकेरा है। जो आसपास दिखा ,जो भीतर बाहर महसूस किया उसे दीपा ने थोड़ी कल्पना और थोड़ी हकीकत से कहानियों में ढाल दिया ।'इश्क का बुखार' में इश्क में जुनून, प्यार की पवित्रता ,त्याग बलिदान, बदला, समझौता तो दिखेगा ही पर आभासी प्यार भी है। सभी कहानियाँ सरल और सरस है।

दीपा टाक ने कहानी संग्रह की कहानी 'एक वायदा' सुनाई और कहा कि सभी कहानियां प्यार , इश्क, मुहब्बत, प्रेम,ममता,जुनून आदि के भाव लेकर लिखी गई है। ये कहानियां मेरे दिल के बहुत करीब हैं। मैंने इन कहानियों को जीया है। ये कहानियां मेरे इर्द गिर्द घूमती हैं , प्यार के विभिन्न आयामों को लेकर।

कार्यक्रम का सुघड़ संचालन कवयित्री एवं कथाकार अर्चना त्यागी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के मानद सचिव डॉ भावेन्द्र शरद जैन ने किया। कार्यक्रम में कथाकार एवं शायर हबीब कैफ़ी, डॉ सुमन बिस्सा, रामकिशोर फिडोदा , प्रमोद वैष्णव, मनशाह नायक, डॉ संजीदा खानम, गौतम गट्स, मोहन के अलावा कई साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप लगा

**आहोर**, (निसं)। जालोर जिले में आहोर थाना क्षेत्र के चरली गांव में रविवार की रात एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेखा पत्नी प्रकाश मेघवाल निवासी चरली ने बीती रात अपने रहवासी मकान के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर ईहलीला समाप्त कर दी। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को फंदे से उतारकर आहोर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। घटना को लेकर आज सुबह मृतका के पिता उदयराज मेघवाल सहित आहोर मेघवाल समाज ने लोगों ने विरोध जताया।

मृतका के पिता उदयराज मेघवाल का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उसकी पुत्री को पिछले एक साल से नाना प्रकार से परेशान कर प्रताडित कर रहे थे। सुबह आहोर मेघवाल समाज के काफी संख्या में लोग आहोर थाने पहुंचे और थानाधिकारी करणसिंह से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक अनिल पुरोहित, थानाधिकारी करणसिंह एमओबी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहनता से जांच पडताल की। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव ससुराल वालों को सौंप दिया है।

थानाधिकारी करणसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतका के पिता उदयराज मेघवाल की रिपोर्ट पर मामला आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा हुई



जालोर में जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, सरनाऊ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, केशवना-जालोर में घुमंतु-अर्द्धघुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास का निर्माण, सांचौर में एग्रो फूड पार्क, जिला मुख्यालय पर बालिका गृह निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अटल प्रगति पथ, कस्टमर हायरिंग सेंटर (सहकारी समिति) की स्थापना के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बैठक के दौरान केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन, लाडो प्रोत्साहन योजना, अमृत 2.0 अभियान, कुसुम योजना, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, पंच गौरव योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं को विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा कर कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई में परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

इस अवसर पर उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सामतीपुरा, पं.स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / ग्रापं/2025-26/ 106 दिनांक: 09/06/2025

**ई-निविदा सूचना 02/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सामतीपुरा, पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 शेष अवधि में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदाताओ / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फार्म/शर्तें ऑनलाइन वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in तथा ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

**NIB No : ZJR2526A0265**
**UBN No. : ZJR2526SLOB00487**

सरपंच/ प्रशासक
ग्राम पंचायत सामतीपुरा
पं. स. जालोर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सामतीपुरा
पं. स. जालोर ( राज. )

**उत्तर पश्चिम रेलवे** ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न गाड़ियों में एसएलआर लीजिंग/हाइब्रिड NFR (ऑन बोर्ड खरीदारी) एवं विभिन्न स्टेशनो पर पार्किंग स्टैंड/विज्ञापन-(OOH)/विज्ञापन के साथ बैटरी ऑपरेटेड कार्ट्स (BCA)/एम. पी. एस (MPS)/पूजा सामग्री कियॉस्क/दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम : | 1. | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर पार्किंग स्टैंड के ठेके हेतु ई-ऑक्शन |
| | | 2. | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर वाणिज्यिक विज्ञापन के ठेके हेतु आउट ऑफ होम (OOH) आदि का ई- ऑक्शन |
| | | 3. | जोधपुर मंडल के स्टेशन पर विज्ञापन के साथ बैटरी ऑपरेटेड कार्ट्स (BCA) के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 4. | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर एम. पी. एस (MPS) के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 5 | जोधपुर मंडल के स्टेशन पर पूजा सामग्री कियॉस्क के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 6 | जोधपुर मंडल के गाड़ियों में हाइब्रिड NFR ( ऑन-बोर्ड खरीदारी) के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 7 | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ के ठेके हेतु इ-ऑक्शन |
| | | 8. | जोधपुर मंडल से संचालित गाड़ियों के एसएलआर लीजिंग में स्थान लीज पर माल पार्सल की लोडिंग हेतु इ-ऑक्शन |
| 2. | कार्य की अवधि | 1. | पार्किंग -3 वर्ष |
| | | 2. | विज्ञापन (आउट ऑफ होम) - 5 वर्ष |
| | | 3. | विज्ञापन के साथ बैटरी ऑपरेटेड कार्ट्स (BCA) : 3 वर्ष |
| | | 4. | एम. पी. एस (MPS) : 5 वर्ष |
| | | 5. | पूजा सामग्री कियॉस्क : 3 वर्ष |
| | | 6 | हाइब्रिड NFR (ऑन-बोर्ड खरीदारी ) - 3 वर्ष |
| | | 7. | दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ : 3 वर्ष |
| | | 8 | एसएलआर लीजिंग- 2 वर्ष |
| 3. | लॉट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि व समय | 1. | PARKING: Parking - JU - 61 दिनांक 18.06.25 को 11:00 बजे से |
| | | 2. | ADVT: OOH-JU - 53 दिनांक 18.06.2025 को 12:00 बजे से |
| | | 3. | Battery Operated Carts with Advert-: BOV-REN-18 दिनांक 18.06.25 को 13:00 बजे से |
| | | 4 | MPS: MPS-JU - 31 दिनांक 19-06-2025 को 13:00 बजे से |
| | | 5 | Pooja Samagri Kiosk: MSS-JU - PSKsK-5 दिनांक 19.06.2025 को 14:00 बजे से |
| | | 6 | Hybrid NFR : HYB-OnB-JU-16 दिनांक 19.06.25 को 15:00 बजे से |
| | | 7 | Two-wheeler and other parcel packing services: MSS-JU-TWnOPS-7 दिनांक 20-06-25 को 11:00 बजे से |
| | | 8 | SLRs: Parcel - JU - 98 दिनांक 21-06-25 को 12:00 बजे से |

4. वेबसाईट जहाँ से लॉट वाईज ई-ऑक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। : www.ireps.gov.in 666-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें